# नामदफा टाइगर रज़िर्व

[स्रोत: द हिंदू]

**अरुणाचल प्रदेश के** [नामदफा टाइगर रज़िर्व (NTR)](#) **में 12 वर्षों में** पहली बार एक वयस्क नर हाथी देखा गया है।

- हाथी पारंपरिक रूप से **NTR के माध्यम से नामसाई (अरुणाचल प्रदेश) और म्यांमार के बीच प्रवास करते थे** हालांकि वर्ष **1996 के बाद से अतिक्रमण के कारण प्रवास गलियारे अवरुद्ध** हो गए, जिससे वे उत्तरी क्षेत्रों तक ही सीमित रह गए हैं।

## परिचय:

- विश्व के कुल **एशियाई हाथी में 60%** भारत में हैं, जिसमें अनुमानित **27,312 हाथी** (वर्ष 2017 की गणना) और **138** [हाथी गलियारे](#) हैं।
- एशियाई हाथियों की **गर्भावधि 22 माह** की होती है और इन्हें **IUCN रेड लिस्ट** में **संकटग्रस्त श्रेणी** में वर्गीकृत किया गया है।




## नामदफा टाइगर रज़िर्व

- **स्थान**: **चांगलांग ज़िला** (अरुणाचल प्रदेश)
- **मान्यता: वर्ष 1972 में वन्यजीव अभयारण्य**,  **वर्ष 1983 में राष्ट्रीय उद्यान और बाघ रिज़र्व** घोषित किया गया।
- **वनस्पति: उत्तरी [उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन], [नम पर्णपाती वन]** और **अल्पाइन झाड़ी वन।**
- **नदी**: **नामदफा नदी**

## अरुणाचल प्रदेश में अन्य संरक्षित क्षेत्र

- **पक्के वन्यजीव अभयारण्य**
- मौलिंग राष्ट्रीय उद्यान
- कामलांग वन्यजीव अभयारण्य
- इटानगर वन्यजीव अभयारण्य
- ईगल नेस्ट वन्यजीव अभयारण्य

**और पढ़ें: नामदफा उड़ने वाली गिलहरी**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/namdapha-tiger-reserve